अनदेखी | नाला निर्माण डीपीआर के हिसाब से नहीं किया जा रहा

# नाले का कीचड़ बह रहा सड़कों पर

**नवभारत/ नरसिंहपुर/ तेंदूखेड़ा।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता और नगर के प्रतिष्ठित महीष मोदी ने अपनी जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि नगर के बीचों-बीच मंडी से डोभी रोड जैन मंदिर होते हुये घुघरिया नाला का निर्माण लगभग 67 लाख की राशि से किया जा रहा है। नाला निर्माण डीपीआर के हिसाब से नहीं किया जा रहा है।

नगर परिषद में पदस्थ अनुभवहीन उपयंत्री के निर्देशन में चल रहे निर्माण कार्य में नियमों की अनदेखी की गयी है ।नाले में विना सरिया का वेश डाला गया जिसमें रेत की जगह डस्ट डाली गई है ।गिट्टी की जगह बजरा जो कि पहली ही वारिस में वह गया था। नाले के स्पोर्ट में वनायी गयी दीवालों के नीचे जगह -जगह कटाव होने लगा है ।आरोप लगाया है कि आने वाली बारिस तक दिवाले भी गिरने की कगार पर है। जैन मंदिर के सामने से बार्ड क्रं 06 में प्रवेश होते ही लगभग डेड़ फीट ऊंची 18 साल पुरानी पुलिया है।



### विगत बरसात के बाद से नाले में लवालव गंदगी भरी पड़ी

ज्यादा पानी आने या कचड़ा फस जाने से गंदा पानी ऊपर आ जाता है। अभी भी विगत बरसात के बाद से नाले में लवालव गंदगी भरी पड़ी है। आस-पास के रहवासियों को मुस्किल का सामना करना पड़ रहा है । रहवासियों का रहना दूभर हो रहा है। गंदा कीचड़ सड़क पर आ जाने से लोगों को परेशानी हुआ करती है। पूर्व में कई वार उपयंत्री को उक्त निर्माण की विसंगति के वारे में वताया लेकिन उनके द्वारा किसी प्रकार की संतुष्टि पूर्ण कार्यवाही नहीं की गई है ।जैन मंदिर के सामने से बहने वाले उक्त नाले की गंदगी से रास्ते से निकलने वाले राहगीरों श्रद्धालुओं को गंदगी का सामना करना पड़ रहा है। नगर परिषद में सफाई व्यवस्था देखने वाले भी संतुष्टि पूर्ण उत्तर नहीं दे पाते हैं।

वार्ड के पार्षद से भी लगातार वारिस के बाद से ही उक्त सफाई व्यवस्था एवं निर्माण के वारे में बात की लेकिन उनके द्वारा भी संतुष्टि पूर्ण जबाव नहीं मिल रहा है ।उक्त निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जाँच एवं छोड़े गये हिस्से का निर्माण कार्य किया जाये।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैठक

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** कलेक्टर रजनी सिंह की अध्यक्षता में फार्मर रजिस्ट्री के संबंध में सीएससी ङ्कस्र्श्व्र की जिला स्तरीय बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में एसएलआर रूबी खान, पटवारी और सीएससी जिला प्रबंधक श्री मनमोहन साहू मौजूद थे। कलेक्टर सिंह ने सभी सीएससी ङ्कस्र्श्व्र को फार्मर रजिस्ट्री के कार्य को प्राथमिकता के आधार पर करने के निर्देश दिए। साथ ही फार्मर रजिस्ट्री पोर्टल में हाल ही में उपलब्ध कराए गए अपडेट ऑप्शन की विस्तृत जानकारी दी गई। निर्देश दिए गए कि जिन किसानों की भूमि अभी तक पूरी तरह से फार्मर रजिस्ट्री में लिंक नहीं हो पाई है, उनकी भूमि के विवरण को शीघ्रता से जोड़ना सुनिश्चित किया जाए। इस कार्य को समयबद्ध एवं गंभीरता के साथ पूरा किया जाए। बैठक में कहा गया कि फार्मर रजिस्ट्री के सफल एवं शतप्रतिशत क्रियान्वयन से न केवल किसानों को योजनाओं का सीधा लाभ मिलेगा, बल्कि जिले की समग्र प्रगति में भी वृद्धि होगी। सभी ङ्कस्र्श्व्र से अपेक्षा की गई कि वे इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सक्रिय भूमिका निभाएं।

# अतिथि शिक्षकों के हितों को लेकर बन रही है पालिसी



**नवभारत/तेंदूखेड़ा।** अतिथि शिक्षकों के हितों को लेकर विगत दिनों एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश के शिक्षा मंत्री राव उदयप्रताप सिंह से मिला जिनसे काफी लंबे समय तक चर्चा हुई प्रतिनिधि मंडल में वरिष्ठ समाजसेवी मुकेश मरैया के साथ अतिथि शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष रामकिशोर कौरव के नेतृत्व में सकारात्मक चर्चा हुई। राहत भरी खबर यह रही कि आने वाले समय में 12 माह सेवाकाल अवकाश की पात्रता एवं वेतन वृद्धि भर्ती प्रक्रिया में 50 प्रतिशत आरक्षण तथा अवकाश की पात्रता पर विचार चल रहा है। अतिथि शिक्षकों ने खुशी जाहिर करते हुए समस्त टीम ने शिक्षा मंत्री का फूलमाला एवं गुलदस्ता भेंट कर आभार जताया ।इसमें कल्याणपुर हायर सेकेंडरी स्कूल के अतिथि शिक्षकों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। अतिथि शिक्षकों ने हरियाणा और छत्तीसगढ़ की तर्ज पर अतिथियों के लिए पॉलिसी बनाने एवं पंचायत सचिवों की तर्ज पर महासम्मेलन बुलाने का आग्रह किया गया ।मध्यप्रदेश में 75 हजार अतिथि शिक्षक है। इस मौके पर अतिथि शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष रामकिशोर कौरव नीरज कौरव मोनिका शर्मा नेहा नितेश छोटे राजा कौरव मनमोद वर्मा महेंद्र सराठे रामकुमार सत्यम कौरव नंदिनी विश्वकर्मा संजय पटेल सुरेंद्र चौधरी सुरभि नीखरा शैलजा ताम्रकार मोहिनी कौरव वर्षा साहू अवधेश पाराशर अरुण भट्ट भानुप्रताप कौरव सहित बड़ी संख्या में अतिथि शिक्षक उपस्थित रहे।

## मंडलम अध्यक्षों की घोषणा पर प्रदेश कांग्रेस की रोक, बिना अनुमोदन जारी सूचियां होंगी निरस्त

**नवभारत/ गोटेगांव।** नरसिंहपुर भोपाल मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने संगठन की नियुक्तियों को लेकर एक महत्वपूर्ण निर्देश जारी किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के निर्देशानुसार, संगठन प्रभारी एवं महामंत्री डॉ. संजय कामले ने समस्त जिला और शहर कांग्रेस अध्यक्षों को पत्र लिखकर मंडलम अध्यक्षों की नियुक्तियों पर तत्काल प्रभाव से नियंत्रण लागू कर दिया है। जारी पत्र के अनुसार, प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने स्पष्ट किया है कि अभी तक किसी भी जिले के मंडलम अध्यक्षों की सूची को अनुमोदित नहीं किया गया है। समस्त जिला अध्यक्षों को निर्देशित किया गया है कि वे प्रस्तावित मंडलम अध्यक्षों की सूची प्रदेश कांग्रेस कमेटी के समक्ष विचार और अनुमोदन के लिए प्रस्तुत करें। प्रदेश कमेटी की स्वीकृति मिलने से पूर्व किसी भी स्तर पर मंडलम अध्यक्षों की आधिकारिक घोषणा नहीं की जा सकेगी। संगठन प्रभारी ने कड़ा रुख अपनाते हुए यह भी साफ कर दिया है कि यदि किसी जिला अध्यक्ष द्वारा अपने स्तर पर मंडलम अध्यक्षों की घोषणा कर दी गई है, तो ऐसी सूचियां और नियुक्तियां स्वत: ही निरस्त मानी जाएंगी। इस आदेश से संगठन में अनुशासन बनाए रखने और नियुक्तियों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया है। यह निर्देश समस्त जिला प्रभारियों और शहर अध्यक्षों को भेजकर कड़ाई से पालन करने को कहा गया है।



## सांदीपनि विद्यालय में तेजस्वी मेला का आयोजन

**नवभारत/साईंखेडा।** के सांदीपनि विद्यालय में तेजस्वी कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय स्तरीय मेले का गरिमामय आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में उद्यमी सोच विकसित करना और उन्हें व्यावहारिक ज्ञान से रूबरू कराना था। मेले में मुख्य आकर्षण कक्षा 11वीं के विद्यार्थी रहे जिन्होंने उद्यमिता गुर सीखते हुए विभिन्न प्रकार के मॉडल्स तैयार किए। विद्यार्थियों ने न केवल अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया बल्कि विभिन्न स्टॉल लगाकर व्यापारिक कौशल का परिचय भी दिया। मेले के दौरान विशिष्ट अतिथियों ने प्रत्येक स्टॉल का बारीकी से निरीक्षण किया।

# सृष्टि सेवा संकल्प का अखिल भारतीय कार्यकर्ता विकास वर्ग

**नवभारत/गाडरवारा।** पर्यावरण के क्षेत्र में कार्यरत राष्ट्रीय स्वयंसेवी संगठन सृष्टि सेवा संकल्प का तीन दिवसीय अखिल भारतीय कार्यकर्ता विकास वर्ग वृंदावन गार्डन गाडरवारा में संपन्न हुआ। वर्ग में सात राज्यों एवं करीब 40 जिलों से चयनित कार्यकर्ताओं ने इस वर्ग में प्रशिक्षण प्राप्त किया। उद्घाटन सत्र में दीनदयाल शोध संस्थान के राष्ट्रीय सचिव अभय महाजन ने संगठन के विस्तार पर कार्यकर्ताओं के गुणों पर प्रकाश डाला और कहा कि समर्पण अनुशासन और कुशल कार्य शैली एक अच्छे कार्यकर्ता के गुण होते हैं जिससे संगठन का विस्तार होता है। उच्च न्यायालय खंडपीठ ग्वालियर माननीय न्यायमूर्ति आनंद पाठक ने पर्यावरण संरक्षण पर संवैधानिक



पहलुओं पर प्रकाश डाला एवं उनके द्वारा ग्वालियर के तीन बंजर पहाड़ों को हरा भरा कर करीब 26 हजार पौधे रोपित कर दिए गए। वर्ग में प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया गया जिसमें सृष्टि सेवा संकल्प के द्वारा किए गए कार्यों का विस्तार से चित्रण किया गया था। जिसमें वर्ग के दूसरे दिन समाज जनों को आमंत्रित कर उनके बीच कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में नीम करोली धाम के संस्थापक प्रमोद झा ने पर्यावरण को अध्यात्म से जोड़कर हिंदू धर्म में पर्वतों नदियों और पेड़ों का महत्व बताया। उन्होंने आगे कहा कि आज पर्यावरण सबसे ज्वलंत मुद्दा है परंतु उस ओर लोगों का ध्यान नहीं है लगातार हम पर्यावरण को प्रदूषित करते जा रहे हैं। और आने वाले समय में इसके घातक परिणाम साबित हो सकते हैं ।पौधा रोपण एक इवेंट बन कर रह गया है इससे हम पर्यावरण संरक्षण नहीं कर पाएंगे पर्यावरण बचाने के लिए निरंतर प्रयास करने होंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल, उद्योगपति विनीत माहेश्वरी, चेतन लूणावत, डॉक्टर स्वाति कुरचनिया, बसंती पालीवाल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। वर्ग के सभी कार्यकर्ताओं द्वारा पर्यावरण शोभायात्रा भी निकाली गई नगर के लोगों द्वारा यात्रा का फूलों से स्वागत किया गया। सृष्टि सेवा संकल्प के कार्यकर्ताओं द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्ष पूर्ण होने पर नीलकुंड घाट पर संघ शताब्दी स्मृति वन का निर्माण किया गया। सौ वृक्ष जिसमें फलदार, औषधीय एवं छायादार वृक्षों को रोपित किया



## सर्वाधिक वसूली पर नपा सीएमओ देशमुख को किया गया सम्मानित

**नवभारत/गाडरवारा।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर स्थानीय नगर पालिका में पदस्थ मुख्य नपा अधिकारी वैभव देशमुख को जिला मुख्यालय में आयोजित मुख्य गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में सम्मानित किया गया है। उल्लेखनीय है कि सीएमओ वैभव देशमुख के मार्गदर्शन में माह सितंबर एवं दिसंबर में आयोजित नेशनल लोक अदालत में संभाग स्तर पर सर्वाधिक एक करोड़ से अधिक की राजस्व वसूली की गई थी। उनके सम्मान पर नपा अध्यक्ष पं. शिवाकांत मिश्रा, समस्त सभापति एवं पार्षदों, नपा अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उन्हें इस उपलब्धि पर बधाईयां प्रेषित कीं।

### एक नजर में



## यूनिवर्सल पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में राष्ट्रीय पर्व धूमधाम से मनाया गया

**नवभारत/गोटेगांव।** नगर की अग्रणी संस्था यूनिवर्सल हायर सेकेंडरी विद्यालय में 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस का 77वां राष्ट्रीय पर्व अत्यंत हर्षोल्लास और देशभक्ति की भावना के साथ आकर्षक एवं रंगारंग माहौल में संपन्न हुआ। प्रारंभ सुबह 9ः00 बजे ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसे संस्था के डायरेक्टर अरविंद पटैल द्वारा संपन्न किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में भारत के संविधान के महत्व और हमारे गणतंत्र के मूल्यों पर प्रकाश डाला, साथ ही छात्रों को एक जिम्मेदार नागरिक बनने हेतु प्रेरित किया, तत्पश्चात प्राचार्या महोदया द्वारा अपने संक्षिप्त उद्बोधन में गणतंत्र दिवस का महत्व समझाया और संविधान के प्रति हमारे कर्तव्यों पर प्रकाश डाला, ध्वजारोहण एवं डायरेक्टर सर के उद्बोधन के पश्चात् नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों की वेशभूषा धारण कर आकर्षक कार्यक्रम को प्रस्तुत किया जिसको सभी ने खूब सराहा। इसी क्रम में आगे छात्र/ छात्राओं ने देशभक्ति गीतों, नृत्यों, नाटकों, कविताओं एवं अपने प्रभावशाली भाषणों के माध्यम से अतुल्य भारत एवं भारत की विविधता में एकता को प्रदर्शित किया इन विषयों पर आधारित प्रस्तुतियां विशेष रूप से मनमोहक और सराहनीय रहीं। कार्यक्रम के अंत में प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर खेल/ शिक्षा और अन्य गतिविधियों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, मेडल, शील्ड आदि प्रदान कर सम्मानित किया गया।



## महिला मंडल द्वारा पुरस्कारों का वितरण

**नवभारत/तेंदूखेड़ा** विगत दिवस भारतीय जैन मिलन शाखा तेंदूखेड़ा क्षेत्र क्रंमाक 10 आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के द्वितीय समाधि दिवस पर पाठशाला के बच्चों के द्वारा किए गए विभिन्न कार्यक्रमों के लिए पुरस्कार प्रदान किए गए। जिसमें महिला मंडल की अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष एवं सभी सदस्यों की सराहनीय उपस्थिती रही।

## सुरेश साहू का निधन

**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस तेंदूखेड़ा के प्रतिष्ठित साहू परिवार के सुरेश साहू रिटायर समीति प्रबंधक का असमय निधन हो जाने पर नगर के सभी वर्गों के लोगों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अंतिम विदाई दी। सुरेश साहू दीपक साहू के पूज्य पिता एवं रमेश महेश दिनेश गनेश साहू के भाई थे।

## समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए पंजीयन 7 फरवरी से

**नरसिंहपुर।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन 7 फरवरी से 7 मार्च 2026 तक किया जाएगा। यह प्रक्रिया राज्य शासन के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार संचालित होगी। जिला आपूर्ति अधिकारी नरसिंहपुर ने जानकारी देते हुए बताया कि सिकमी/बटाईदार किसानों के पंजीयन हेतु मध्यप्रदेश भूमि स्वामी एवं बटाईदार के हितों के संरक्षण अधिनियम के तहत निर्धारित प्रारूप में अनुबंध किया जाना अनिवार्य है। यह अनुबंध अधिकतम 5 वर्ष की अवधि के लिए ही मान्य होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि सिकमी/बटाईदार किसानों के लिए यह आवश्यक है कि उनका अनुबंध 2 फरवरी 2026 के पूर्व की अवधि का हो। निर्धारित तिथि के बाद किए गए अनुबंधों के आधार पर किसान पंजीयन की पात्रता मान्य नहीं होगी और ऐसे किसान गेहूं विक्रय के लिए पंजीयन नहीं करा सकेंगे।



## सिलावट समाज ने फहराया तिरंगा

**नवभारत/ गोटेगांव।** न्यू बजरंग वार्ड स्थित बाटकेश्वर महादेव मंदिर के समीप अंबेडकर भवन में सिलावट समाज संगठन मध्य प्रदेश द्वारा गणतंत्र दिवस का राष्ट्रीय पर्व अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। 26 जनवरी के इस पावन अवसर पर समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों और सदस्यों की उपस्थिति में ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न हुआ, जहाँ तिरंगे को सलामी देकर राष्ट्र गान का गायन किया गया। इस गरिमामय कार्यक्रम को सफल बनाने में सिलावट समाज के प्रदेश पदाधिकारियों, मातृशक्ति और युवा साथियों ने बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता दर्ज कराई। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक एकजुटता और राष्ट्र प्रेम की भावना स्पष्ट रूप से देखने को मिली। ध्वजारोहण समारोह में मुख्य रूप से कोर कमेटी अध्यक्ष उत्तम छिरा एडवोकेट, प्रदेश संरक्षक जितेंद्र चंदोरिया, प्रदेश अध्यक्ष परम सिंह ठेकेदार और युवा नगर अध्यक्ष सचिन सिलावट सहित समाज के अनेक वरिष्ठ जन और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर संविधान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए समाज की प्रगति और देश के विकास में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया। बड़ी संख्या में उपस्थित सामाजिक बंधुओं ने एक-दूसरे को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं और मिष्ठान वितरण कर खुशियां मनाईं।

# श्रीदेव मुरलीधर विद्यालय में मनाया गया गणतंत्र दिवस

**नवभारत/ गोटेगांव।** बाल शिक्षा समिति, गोटेगांव द्वारा विगत 45 वर्षों से संचालित शैक्षणिक संस्था शिशु बाल मंदिर, श्री देव मुरलीधर विद्यालय में राष्ट्रीय महापर्व-गणतंत्र दिवस की 76 वी वर्षगांठ का आयोजन जालम सिंह पटैल पूर्व राज्यमंत्री म प्र. शासन महेन्द्र नागेश विधायक, गोटेगांव), इंजीनियर सरदार सिंह पटैल सचिव, मणिनागेन्द्र सिंह फाउन्डेशन के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में मान. डॉ. गौतम भद्र अमिताभ वर्मा सीनियर फिजीशियन, जबलपुरमोहन लालवानी, रश्मि लालवानी, नंदिता भद्र, सि.अनिल जैन की गरिमामयी उपस्थिति रही। गणतंत्र दिवस समारोह में सर्वप्रथम राष्टरीय ध्वज का ध्वजारोहण समारोह अध्यक्ष पंकज जैन, उपाध्यक्ष -शक्ति सिंह राजपूत,अजीत खरया, राकेश शर्मा, कोषाध्यक्ष- शिवाजीत ताम्रकार , सहसचिव - आनंद



अग्रवाल, संजय सिंघवी दिनेश खजांची संजय जैनसंदीप जैन रूपेश सराफ एवं समस्त अतिथि गण की सामूहिक उपस्थिति में किया गया। तत्पश्चात सामूहिक राष्ट्रगान के साथ ही सम्मानीय अतिथियों को कैडिट द्वारा प्रदर्शित मार्च पास्ट, परेड प्रदर्शन की सलामी दी गई ।जिसका मार्गदर्शन अधिकारी सुधीर राजपूत द्वारा किया गया। इसी अवसर पर क्रीड़ा अधिकारी उमाकांत राजपूत , राहुल नामदेव द्वारा निर्देशित कक्षा - 9वी/ 11वी में अध्ययनरत छात्र/ छात्राओं द्वारा सामूहिक पी. टी. प्रदर्शन पेरामिड के माध्यम से राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा को सम्मान दिया गया। जिसकी सभी उपस्थित अतिथि गण द्वारा भूरि -भूरि प्रशंसा की गई । मंचीय कार्यक्रम में माँ सरस्वती पूजन, प्रतिमा के समक्ष सभी अतिथियों द्वारा किया गया। बाल शिक्षा समिति के संस्थापक श्रद्वेय डॉ. रणजीत दत्त की मूर्ति पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। विद्यालय की पूर्व छात्रा राधिका पाठक नायब तहसीलदार का समिति द्वारा सम्मान किया गया । सांस्कृतिक का्यक्रम के अंतर्गत हिन्दी / अंग्रेजी/ संस्कृत भाषा में गणतंत्र दिवस के संबंध में उद्बोधन देशभक्ति गीत, वन्देमातरम नृत्य जैसी प्रस्तुती छात्र / छात्राओं के द्वारा की गई ।

# परशुराम सेना मप्र ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**नवभारत/ गाडरवारा।** विगत दिवस परशुराम सेना मप्र के जिला अध्यक्ष मुकेश बसेड़िया ने बड़ी संख्या में सर्व सनातनी बंधुओ व कर्मकांड आचार्यों के साथ महामहिम राष्ट्रपति महोदय जी के नाम तहसीलदार नितिन राय को एस डी एम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौपा , जिसमे विगत सप्ताह 18 जनवरी को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज माघ मेला में परम पूज्य शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के साथ अभद्रता व अपमानजनक व्यवहार तथा उनके साथ उपस्थित ब्राह्मणजनो एवं बुजुर्ग साधु संतों, दंडी सन्यासियों पर प्रशासन द्वारा मारपीट व बल प्रयोग कर मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर घाट पर स्नान करने से भी रोकने पर विरोध दर्ज कराया ! बसेड़िया ने कहा कि ये कृत्य सर्वदा अनुचित व निंदनीय के साथ सनातन परम्पराओ पर कुठाराघात है उपरोक्त ज्ञापन में संपूर्ण घटना की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांचकर दोषी प्रशासनिक व



पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई मांग करते हुए उन्हें कठोरतम दंड प्रदान कर निलंबन की कार्यवाही करें, जिससे इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति देश मे अन्यत्र न हो तथा हमारे देश के पूज्य साधु सन्तो की सुरक्षा व सम्मान बना रहे ! उपरोक्त अवसर पर अरुण तिवारी , अभिषेक ढिमोले, महेश तिवारी, नितिन तिवारी, रामकुमार शर्मा, जगदीश आचार्य , प्रेमनारायण तिवारी, मनोज शर्मा, उमेश पचौरी, प्रदीप भटेले,नीलेश दीक्षित, शिवम दीक्षित , संजय शुक्ला, सतीश भटेले, नितिन बोहरे, प्रवीण व्यास, राजेश राजोरिया , अमित चौबे, रिंकू पाठक, बसंत दुबे, मनमोहन दुबे, अभिषेक बोहरे, यीशु शर्मा, मुकुल शर्मा, शिवम शर्मा, अमित तिनगुरिया,पँ यज्ञदत्त पचौरी, अतुल पटेल, सुरेंन्द्र गोहल, नितिन पाठक, प्रवीण अवस्थी, अंशुल उपाध्याय, जगदीश उपाध्याय , छोटू भार्गव, संजू ढिमोले सहित अनेक कर्मकांडी ब्राहाण जनो, सनातनी धर्मबन्धुओ की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## सेन समाज संगठन का कार्यक्रम सामाजिक एकता पर दिया जोर

**गाडरवारा।** चीचली स्थानीय बाबा मैरिज गार्डन (बाबा प्लाट) में मंगलवार को सेन समाज संगठन द्वारा एक महत्वपूर्ण गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दोपहर 12 बजे से प्रारंभ हुए इस कार्यक्रम में चीचली ब्लॉक एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में समाज बंधु एकत्रित हुए।

**सामाजिक उत्थान पर चर्चा:** कार्यक्रम के दौरान समाज की मजबूती, युवाओं की भागीदारी और ग्रामीण विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। वक्ताओं ने समाज में शिक्षा और एकता के महत्व को रेखांकित करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

**आयोजक मंडल की सक्रिय भूमिका:** इस सफल आयोजन में संगठन के प्रमुख पदाधिकारियों का विशेष योगदान रहा, जिनमें मुख्य रूप से शामिल थे विनीत सराठे जिला उपाध्यक्ष शेखर सराठे



(जिला मंत्री पंकज श्रीवास (ब्लॉक अध्यक्ष, चीचली आकाश सराठे नगर अध्यक्ष, चीचली विनोद श्रीवास (ग्रामीण विकास अध्यक्ष इसके साथ ही अभिषेक सराठे (जिला प्रभारी, सेन शक्ति, गाडरवारा) की गरिमामयी उपस्थिति में समस्त सेन समाज संगठन, चीचली एवं ग्रामीण क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संभाला।

**उत्साह का माहौल:** कार्यक्रम के अंत में अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान समाज के वरिष्ठ जनों का सम्मान भी किया गया। उपस्थित जनसमूह ने इस आयोजन को समाज को नई दिशा देने वाला बताया।